Australian Government
Productivity Commission



## मानसिक स्वास्थ्य तथ्यपत्रक:

# साँस्कतिक और भाषाई रूप स विविधतापूर्ण लोग

**सभी ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों में से लगभग आधे लोग या तो विदेशों में पैदा हुए हैं या उनके माता-पिता में से कोई एक विदेश में पैदा हुए थे, इसलिए एक प्रभावी मानसिक स्वास्थ्य प्रणाली को लोगों की साँस्कृतिक पृष्ठभूमि और उनके द्वारा बोली जाने वाली भाषा के अनुरूप उपयुक्तता के साथ देखभाल प्रदान करने में सक्षम होना चाहिए।**

उत्पादकता आयोग की मानसिक स्वास्थ्य जाँच (Productivity Commission’s Mental Health Inquiry) ऑस्ट्रेलिया की मानसिक स्वास्थ्य प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए एक दीर्घकालिक योजना प्रस्तुत करती है और यह सुनिश्चित करती है कि प्रणाली अनेकानेक साँस्कृतिक और भाषाई पृष्ठभूमियों के लोगों की आवश्यकताओं को पूरा कर सके।

ऐसा होने के लिए साँस्कृतिक जवाबदेही और सेवाओं की समावेशिता को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है - इसमें सुधार के लिए पर्याप्त स्थान है। हमने ऑस्ट्रेलियाई सरकार को ऐसी मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ विकसित करने के लिए कई सुझाव दिए हैं जो लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करती हों, चाहे लोगों की साँस्कृतिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

- जिन लोगों और जिनके परिवारों और देखभालकर्ताओं को मानसिक स्वास्थ्य समर्थन की आवश्यकता होती है, उन्हें अपने लिए साँस्कृतिक रूप से प्रासंगिक और स्वयं अपनी भाषा में प्रस्तुत की गई जानकारी तक पहुँच प्राप्त करने में सक्षम होना चाहिए। सलाह दिए गए राष्ट्रीय डिजिटल मानसिक स्वास्थ्य मंच में मानसिक स्वास्थ्य आकलन और रेफरल (प्रक्रिया 10.4) के लिए एक उपकरण शामिल है। इस मंच को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग करने वाले लोगों की राय के साथ डिज़ाइन किया जाना चाहिए और इसे अलग-अलग साँस्कृतिक पृष्ठभूमियों के लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य सेवा में प्रवेश करने के उद्देश्य से प्रभावी द्वार बनाने के लिए अनुकूलित किया जाना चाहिए।
- केयरर गेटवे (Carer Gateway) का आकलन भी किया जाना चाहिए (प्रक्रिया 18.2), ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह अलग-अलग साँस्कृतिक पृष्ठभूमियों से आने वाले देखभालकर्ताओं के लिए काम करता हो।
- राष्ट्रीय डिजिटल मानसिक स्वास्थ्य मंच का उपयोग समर्थित ऑनलाइन उपचार (प्रक्रिया 11.1) उपलब्ध कराने के लिए किया जाना चाहिए। इससे ऑस्ट्रेलिया के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के साथ-साथ नगरीय क्षेत्रों के ऐसे लोगों को भी लाभ पहुँचेगा, जिन्हें साँस्कृतिक रूप से सक्षम देखभाल प्राप्त करने में कठिनाई होती है, और जो संभवतः गुमनाम रूप से देखभाल प्राप्त करना पसंद करते हैं। उपभोक्ताओं की साँस्कृतिक और भाषाई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऑनलाइन समर्थित उपचारों को अनुकूलित किया जाना चाहिए।
- फोन या वीडियो के माध्यम से उपचार के लिए सलाह दी गई विस्तारित पहुँच से लोग अपनी आवश्यकतानुसार ऑस्ट्रेलिया में कहीं भी स्थित मनोवैज्ञानिक या देखभाल-प्रदाता के साथ जुड़ पाएँगे, जिससे उनके लिए उपलब्ध देखभाल विकल्पों में वृद्धि होगी (प्रक्रिया 12.2)।



- सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के नियोजन, निधीकरण और वितरण के लिए महत्वपूर्ण परिवर्तनों की अनुशंसा की जाती है। प्रवासियों की सामाजिक भागीदारी और समावेशन के लिए सामुदायिक संगठन महत्वपूर्ण होते हैं। बेहतर सेवा नियोजन से साँस्कृतिक रूप से प्रासंगिक मनोवैज्ञानिक सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा, और लंबी अवधि के अनुबंध प्रदाता उपभोक्ताओं के साथ स्थिर, भरोसेमंद और चिकित्सा के लिए प्रासंगिक संबंध विकसित करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे (प्रक्रियाएँ 17.1 और 17.3)।



- साँस्कृतिक और स्वास्थ्य-संबंधी साक्षरता बाधाओं को दूर करने के लिए मानसिक स्वास्थ्य व्यावसायिकों की साँस्कृतिक क्षमता एक आवश्यक व मुख्य तत्व है। कार्यबल नियोजन के लिए अनुशंसित सुधार उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं के साथ मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सकों की साँस्कृतिक क्षमताओं को बेहतर ढंग से संरेखित करेंगे (प्रक्रिया 16.1)। द्विभाषी और द्विसाँस्कृतिक सहकर्मियों के और अधिक उपयोग से इन बाधाओं को दूर करने में सहायता मिल सकती है, और उत्पादकता आयोग मानसिक स्वास्थ्य कार्यबल (प्रक्रिया 16.5) के संवृद्ध होते हुए हिस्से के रूप में सहकर्मियों को समर्थन देने की अनुसंशाएँ करता है।

- सभी मानसिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को लोगों के साँस्कृतिक संदर्भों और आवश्यकताओं से अवगत होना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं और साँस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण लोगों के लिए परिणामों से संबंधित आकड़ों में अंतराल मौजूद हैं। आकड़ों के और अधिक प्रभावी संग्रह और उपयोग के साथ-साथ नीति निर्माताओं द्वारा सहरचित प्रथाओं से और अधिक व्यक्ति-केंद्रित देखभाल (प्रक्रियाएँ 22.4 और 24.3) को प्रोत्साहन मिलेगा।

- आरंभिक समर्थन प्राप्त करने में बाधाओं का अनुभव करने वाले लोगों के लिए सेवाओं से उनका सबसे पहला संपर्क पुलिस सेवा से होता है। मानसिक स्वास्थ्य-संबंधी प्रकरणों पर कार्यवाही करने वाली पुलिस के लिए अनुशंसित अतिरिक्त समर्थन साँस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुरूपित होने चाहिए (प्रक्रिया 21.2)।

- माध्यमिकोत्तर शिक्षा प्रदाताओं को अपने अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए मनोवैज्ञानिक संकट को कम करने के उद्देश्य से उन्हें अंतर्राष्ट्रीय छात्र स्वास्थ्य कवर (Overseas Student Health Cover) उपलब्ध कराने वाले बीमाकर्ताओं के साथ व्यवस्था करके यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी आवश्यक मानसिक स्वास्थ्य उपचार के लिए पर्याप्त कवरेज उपलब्ध हो। विश्वविद्यालयों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी परामर्श सेवाएँ उनके अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों की भाषाई और साँस्कृतिक विविधता से संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हैं (प्रक्रिया 6.2)।

**हम व्यक्ति-केंद्रित दृष्टिकोण से संगत एक ऐसी मानसिक स्वास्थ्य प्रणाली चाहते हैं, जो लोगों को अपनी आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुरूप अपने लिए सही देखभाल विकल्पों के चयन और सुगमता की अनुमति दे। इसका अर्थ यह है कि सेवाओं को वितरित करने के अनेकानेक विभिन्न तरीके उपलब्ध होने चाहिए, जो लोगों को उनकी आवश्यकतानुसार सही समय पर सुलभ हों तथा जो न केवल चिकित्सीय रूप से प्रभावी व साँस्कृतिक रूप से प्रासंगिक हों, बल्कि वे देखभाल प्राप्त करने का आशय रखने वाले व्यक्ति पर न्यूनतम बोझ दें। यदि उपचार लोगों की आवश्यकताओं से मेल खाता हो, तो इस बात की संभावना अधिक रहती है कि लोग इस उपचार का चयन करेंगे, इसे जारी रखेंगे और इसका लाभ उठाएंगे (खंड 1, पृष्ठ 29)**